# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 19.06.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, आज, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला–दि0 19.06.2025

## 50 स्थानों पर बनाए जाएंगे स्मार्ट बस अड्डे, चौराहों का सुंदरीकरण भी होगा

माई सिटी रिपोर्टर

वाराणसी। शहर के 50 स्थानों पर स्मार्ट बस अड्डे बनाए जाएंगे। चौराहों का सुंदरीकरण, फुटपाथ का निर्माण और कई स्थलों पर सामुदायिक हॉल बनाए जाएंगे। बुधवार को मंडलायुक्त एस राजलिंगम की अध्यक्षता में वीडीए की अवस्थापना निधि समिति की बैठक कमिश्नरी सभागार में हुई। इसमें जिले के विकास के लिए 68.16 करोड़ के 15 कार्यों के प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई।

इसके तहत 12 करोड़ से शहर के विभिन्न 50 स्थलों पर स्मार्ट बस अड्डों का निर्माण कार्य होगा। 10 करोड़ से शहर के विभिन्न स्थलों पर सामुदायिक हॉल बनाए जाएंगे। 20 करोड़ से शहर में विभिन्न महत्वपूर्ण मार्गों पर फुटपाथ का निर्माण व चौराहों का सुंदरीकरण होगा। 1.62 करोड़ से संत अतुलानंद स्कूल (गिलट बाजार) से

**68.16 करोड़ से कराए जाएंगे 15 कार्य, मंडलायुक्त ने दी स्वीकृति**

हरहुआ फ्लाईओवर तक सड़क के बीच डिवाइडर पर लगे पौधों की दो साल तक देखरेख की जाएगी। 77 लाख से शिवपुर वार्ड के चुप्पेपुर गांव, चुप्पेपुर गिलट बाजार, लक्ष्मणपुर तेलियां पोखरी, प्रज्ञापुरी कॉलोनी, राजा बाजार गाफाबीर मंदिर पर दशवां स्थल पर शौचालय, सेप्टिक टैंक, चेंजिंग रूम, बोरिंग का निर्माण होगा। 50 लाख रुपये से नगवां के रविदास घाट पर दिव्यांगों के लिए रैंप का निर्माण होगा।

4 करोड़ से शहर में सुंदरीकरण, साइनबोर्ड, ग्रीन स्पॉट, सड़क मरम्मत कार्य होंगे। 1.50 करोड़ से बाबा बड़े गैबीनाथ मंदिर परिसर (250+ वर्ष पुराने) का विकास कार्य होगा। 1.60 करोड़ से पुलिस लाइन कमिश्नरेट में एक प्रतीक्षालय एवं मीटिंग हॉल बनेगा।

### अमर उजाला–दि0 19.06.2025

## शमन शुल्क जमा नहीं किया तो करें ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

वाराणसी। वीडीए के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने बुधवार को वीडीए में बैठक की। कहा कि जो लोग शमन शुल्क जमा नहीं कर रहे हैं। उनके खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाए। लंबित शमन मानचित्रों की समीक्षा कर शीघ्र नक्शा निस्तारण के निर्देश दिए। जोन-1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल में 2025-26 में कुल शमन धनराशि 1,81,21,857 रुपये जमा कराई गई। जोन-2 के वार्ड सारनाथ, आदमपुर, जैतपुरा में 2025-26 में कुल शमन धनराशि 1,35,95,777 रुपये जमा हुई। सअनियोजित विकास और अवैध प्लॉटिंग की पहचान कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करें। ब्यूरो

आज–दि0 19.06.2025

## फर्जी स्वीकृति दिखाकर दो व्यक्ति कर रहे थे प्लाटिंग

वीडीए का फर्जी स्टीकरण चस्पाकर भूमि स्वामी सुभाष सिंह एवं विनोद कुमार जैनने आराजी संख्या १६५ में अवैध प्लाटिंग का कार्य शुरू कर लिया था। दोनों व्यक्तियोंने विप्राके स्वीकृतका फर्जी बोर्ड लगाकर प्लाटिंगका कार्य शुरू कर दिया था। जानकारी मिलनेपर विप्रा उपाध्यक्षने जोन एक के जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्र और अन्य लोगोंकी टीमके साथ मौकेपर तत्काल कारवाईके लिए भेजा। विप्राकी टीम वहां पहुंचकर फर्जी ढंगसे प्लाटिंग कर रहे दोनों व्यक्तियोंके खिलाफ आवश्यक कारवाई करते हुए उनके कार्यालयको सील कर दिया और आसपासके लोगोंको फर्जीगीरी करनेके लिए दोनों व्यक्तियोंके खिलाफ नोटिस जारी भी की।

आज–दि0 19.06.2025

## विप्राके स्थापनानिधिमें होंगे करोड़ों खर्च

### मण्डलायुक्त एवं विप्रा अध्यक्षने विकास कार्यपर लगायी मोहर

मण्डलायुक्त एवं मण्डलाध्यक्ष एस. राजलिंगमके नेतृत्वमें बुधवारको आयुक्त सभागारमें विकास प्राधिकरणके अवस्थापना निधिसे विभिन्न परियोजनाओंपर हरी झण्डी मिली। अध्यक्षने उपाध्यक्ष पुलकित गर्गसे विभिन्न मुद्दोंपर जिक्र करनेके बाद लगभग एक दर्जनसे ज्यादा अवस्थापना निधिसे कार्य करानेके लिए अनुमति प्रदान की। जिसमें १६२ लाख रुपया गिलट बाजारसे हरहुआ फ्लाईओवर सड़क निर्माण और रोड डिवाइडरपर पौधे रोपनेका काम, ७७ लाखमें शिवपुर वार्डके चुप्पेपुर गांव, गिलट बाजार, लक्ष्मनपुर, तेलिया पोखरी, प्रज्ञापुरम कालोनी, राजाबाजार, एमगाफावीर मन्दिरके आसपास शौचालय, सेफ्टीटैंक और चेजिंग रूम बनानेकी स्वीकृति दी है। ५० लाखमें नगवामें स्थित रविदास घाटपर दिव्यांगजनोंके लिए रैम्पका निर्माण, १२ सौ लाखमें शहरके विभिन्न स्थानोंपर ५० स्मार्ट बस सेन्टर बनाया जायेगा। जबकि एक हजार लाखमें सामुदायिक




हालका निर्मान होगा, वहीं चार सौ लाखमें शहरके अन्दर सौन्दर्यीकरणके लिए साइन बोर्ड, ग्रीन स्पार्ट और सड़क मरम्मत किया जायेगा। लगभग १५० लाखसे बड़ी गैवीमें गैवीनाथ मन्दिरका निर्माण किया जायेगा। एक लाख साठ हजारसे पुलिस लाइन कमिश्नरेटमें प्रतीक्षालय एवं मीटिंग हालका निर्माण किया जायेगा। यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड, इण्टर कालेज, डिग्री कालेजके कैम्पसोंमें पार्क एवं रिचार्ज पिट यूनिटके निर्माणमें ५९ लाख खर्च होंगे। वहीं आठ सौ लाखमें वाराणसी शहरके विभिन्न मार्गोंपर प्रकाश और मिनी नलकूपकी व्यवस्था की जायेगी। दो सौ लाखमें फुटपाथ और चौराहोंके सौन्दर्यीकरणका कार्य होगा जबकि चार सौ लाखमें विप्राके सीमामें आवश्यक कार्य कराये जायेंगे। इसके अलावा राजकीय गर्ल्स इण्टर कालेज मलदहियामें जीर्णोद्धार, राजकीय क्वींस कालेजमें पुस्तकालय एवं फर्नीचरका कार्य, राजकीय इण्टर कालेजोंमें अवस्थापना निधिके कार्य, दस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रोंमें भवनोंका जीर्णोद्धार, विकास खण्ड चिरईगांवमें जलजमावका निस्तारण। इसके अलावा ५० लाखमें रमरेपुर, सारनाथमें धोबी घाटका निर्माण, २१० लाखमें संत रविदास पार्कतक निर्माण कार्य, ९८ लाखमें नगर पालिका दीनदयाल उपाध्यायके पास जी.टी.रोडमें प्रकाशकी व्यवस्थाके लिए आवश्यक कार्य किये जायेंगे। इसके अलावा मण्डलायुक्तने अन्य विषयोंपर विप्रा अधिकारियोंसे व्यापक चर्चा की।

## अमर उजाला–दि0 19.06.2025

### वीडीए ने अनधिकृत प्लॉटिंग पर की कार्रवाई

**वाराणसी।** संदहा रुस्तमपुर सारनाथ में 1500 वर्ग मीटर भूमि क्षेत्रफल पर अनधिकृत प्लॉटिंग का कार्य किया जा रहा था। इस प्लॉटिंग को प्राधिकरण की ओर से स्वीकृत दर्शाते हुए फर्जी प्रचार- प्रसार भी किया जा रहा था। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर जोनल अधिकारी श्रीप्रकाश के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम ने अनधिकृत प्लॉटिंग पर नोटिस की कार्रवाई की गई। साथ ही, फर्जी प्लॉटिंग से संबंधित चांदमारी स्थित कार्यालय, जहां से इस प्रचार-प्रसार को संचालित किया जा रहा था। इसे जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा के सहयोग से सील किया गया। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 19.06.2025

### 50 स्थानों पर बनेंगे स्मार्ट बस शेल्टर, स

#### वीडीए अवस्थापना निधि के 70 करोड़ रुपये से शहर में होंगे विकास कार्य

- सेंटर जेल रोड की तर्ज पर शहर में 20 करोड़ से कई स्थानों पर बनेंगे संगीत पथ
- 20 करोड़ से शहर के विभिन्न मार्गों पर फुटपाथ और चौराहों का होगा सुंदरीकरण

जागरण संवाददाता, वाराणसी : पर्यटकों के लिए परिवहन व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर वाराणसी विकास प्राधिकरण 12 करोड़ रुपये से शहर के 50 स्थानों पर स्मार्ट बस शेल्टर (बस स्टैंड) बनाएगा। बस स्टैंड पर वाई-फाई, बस के आने-जाने का डिस्प्ले बोर्ड, यात्रियों के बैठने के साथ साइकिल स्टैंड अलग से बनाया जाएगा।

कोई यात्री साइकिल से आता है तो वह स्टैंड में जमा कर सकेगा। इसके अलावा दो पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन भी बनाए जांगे। वहां सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। उसकी मानीटरिंग एक निश्चित स्थान से होगी।

भविष्य में सिटी कमांड सेंटर से भी जोड़ा जाएगा। वहीं, सेंटर जेल रोड की तर्ज पर शहर के कई स्थानों पर 20 करोड़ रुपये से संगीत पथ बनाए जाएंगे। बुधवार को कमिश्नरी सभागार में मंडलायुक्त एस राजलिंगम की अध्यक्षता में



कमिश्नरी सभागार में वाराणसी विकास प्राधिकरण अवस्थापना निधि की बैठक करते मंडलायुक्त एस राजलिंगम ● जागरण

हुई बैठक में वाराणसी विकास प्राधिकरण अवस्थापना निधि से 70 करोड़ रुपये के विकास योजनाओं पर मुहर लगी। वाराणसी विकास




प्रस्तावित बस स्टैंड का माडल ● जागरण

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि शहर में विकास को लेकर वीडीए की ओर से एक सर्वे कराया गया था।

इसके अलावा जनप्रतिनिधियों से सुझाव मांगा गया था जिससे शहर के विकास का खाका खींचा जा सके। 20 करोड़ रुपये से शहर के विभिन्न मार्गों पर फुटपाथ और चौराहों का सुंदरीकरण कराया जाएगा।

## दैनिक जागरण–दि0 19.06.2025

# विकास प्राधिकरण से आवासीय नक्शा पास कराकर बनाए 22 फ्लैट

जागरण संवाददाता, वाराणसी : रामापुरा में संजय गुप्ता ने तीन मंजिल का आवासीय नक्शा पास कराकर छह मंजिल में 22 फ्लैट बनाकर बेच दिए। विकास प्राधिकरण ने यशस्वी साईं कुंज अपार्टमेंट पर ध्वस्तीकरण का आदेश पारित करने के साथ खुद तोड़ने को कहा लेकिन भवन स्वामी मनमानी करता रहा। बुधवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण की टीम तोड़ने पहुंची तो फ्लैट रहने वालों के होश उड़ गए। टीम ने फ्लैट में रहने वालों को खाली करने को कहा जिससे ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा सके। पुलिस नहीं मिलने पर वीडीए टीम ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं कर पाई और लौट आई। 25 जून को फिर तोड़ने की तिथि तय की है।

जोन तीन के जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति ने बताया कि रामापुरा के संजय गुप्ता ने आराजी संख्या-18, 19 और 21 पर 472.63 वर्ग मीटर में तीन मंजिल आवासीय नक्शा पास कराया है। शमन मानचित्र में भवन स्वामी ने अवैध निर्माण खुद तोड़ने के लिए शपथ दिया था लेकिन तोड़ने की कार्रवाई नहीं की। इतना ही नहीं, भवन स्वामी ने सेट बैक पर भी निर्माण कर लिया है। ऐसे में वीडीए ने ध्वस्तीकरण का आदेश पारित किया था। उस दौरान निर्माण जारी रहने पर वीडीए ने सील की कार्रवाई थी लेकिन भवन स्वामी ने सील तोड़कर निर्माण जारी रखा।



यशस्वी साईं कुंज अपार्टमेंट के लोगों को समझाते जोनल अधिकारी सौरव देव ● जागरण

### वीडीए का फर्जी ले-आउट दिखाकर बेच रहे थे जमीन

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण से बिना-ले आउट पास कराए फर्जी तरीके से जमीन की प्लाटिंग करने वालों पर बुधवार को वीडीए ने बड़ी कार्रवाई की। वे विकास प्राधिकरण से कालोनी का अप्रूवल बोर्ड लगाने के साथ जगह-जगह बैनर लगाए थे। इसकी जानकारी वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग को हुई तो उन्होंने जोन एक के जोनल अधिकारी शिवा जी मिश्रा और दो के जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार की संयुक्त टीम गठित करके कार्रवाई करने को भेजा। जोनल अधिकारी प्रकाश ने बताया कि सुभाष सिंह और विनोद कुमार जैन संदहा (रूस्तमपुर) में अवैध तरीके से जमीन की प्लाटिंग कर रहे थे। वे वीडीए से ले-आउट पास होने का फर्जी बोर्ड लगाए थे। जमीन प्लाटिंग के नक्शे पर वीडीए अप्रूवल मैप लिखे थे जिससे जमीन को ऊंची कीमत में बचने के साथ उन्हें भ्रमित कर सके। फर्जी प्लाटिंग को लेकर चांदमारी में कार्यालय बनाया था जिसे सील कर दिया गया।

## हिन्दुस्तान–दि0 19.06.2025

# मानचित्र स्वीकृति के झूठे प्रचार पर कार्रवाई

वाराणसी। सोशल मीडिया पर दो बिल्डरों की ओर से रुस्तमपुर में काशी विलेज प्रोजेक्ट के मानचित्र स्वीकृति का झूठा प्रचार करने पर वीडीए प्रशासन ने कार्यवाही की है। चांदमारी में बिल्डर के कार्यालय को सील किया गया है।

उधर, संदहा में आराजी संख्या 165 पर लगभग 1500 वर्गमीटर में अवैध प्लॉटिंग पर बिल्डर सुभाष सिंह एवं विनोद कुमार जैन को नोटिस दिया गया है। बिल्डरों ने अपने विज्ञापनों में नगर नियोजक प्रभात कुमार के नाम से साथ विज्ञापनों पर जनवरी 2025 को वीडीए से स्वीकृति को अंकित किया है।

## हिन्दुस्तान–दि0 19.06.2025

# वीडीए कराएगा 68 करोड़ रुपये से विकास के काम

**वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता।** वीडीए अवस्थापना निधि से 68 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराएगा। बुधवार को कमिश्नरी सभागार में वीडीए की अवस्थापना निधि समिति की बैठक में मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने इस पर मुहर लगाई। शहर में 50 स्थानों पर 12 करोड़ से स्मार्ट बस शेल्टर बनाए जाएंगे।

- कमिश्नर ने अवस्थापना निधि की बैठक में दी मंजूरी
- गिलटबाजार से हरहुआ तक पौधरोपण होगा

1.62 करोड़ रुपये से गिलट बाजार से हरहुआ फ्लाईओवर तक डिवाइडर पर पौधे रोपे जाएंगे। लगाने वाली एजेंसी को दो साल पौधों का संरक्षण भी करना होगा। 77 लाख से चुप्पेपुर, लक्ष्मणपुर तेलिया पोखरी, प्रज्ञापुरी कॉलोनी एवं राजाबजार में सार्वजनिक शौचालय, सेप्टिक टैंक, रविदास घाट पर दिव्यांगों के लिए रैंप बनाए जाएंगे।

डेढ़ करोड़ से 250 वर्ष पुराने बाबा बड़े गैबीनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। 59 लाख से स्कूलों, डिग्री कॉलेजों में रीचार्जिंग पिट (वर्षा जल संचयन के लिए) बनाई जाएगी। 20 करोड़ रुपये से चौराहों का सुंदरीकरण होगा। बैठक में वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 19.06.2025

# शहर के विकास के लिए कई अहम फैसलों पर स्वीकृति

**वाराणसी (एसएनबी)।** वीडीए की अवस्थापना निधि समिति की बैठक कमिश्नर एस. राजलिंगम की अध्यक्षता तथा उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग व अन्य समिति सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में जन प्रतिनिधियों व प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित प्रस्तावों

**वीडीए की अवस्थापना निधि समिति की बैठक सम्पन्न**

पर विचार विमर्श करते हुए वाराणसी जनपद के विकास के लिए अवस्थापना विकास निधि से संबंधित कार्यों के प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई।




### प्रमुख प्रस्ताव में स्वीकृत कार्य एवं प्रस्तावित धनराशि

- रु. 162 लाख वाराणसी नगर स्थित संत अतुलानन्द स्कूल (गिलट बाजार) से हरहुआ फ्लाईओवर तक सड़क के मध्य निर्मित डिवाइडर पर रोपित पौधों का द्विवर्षीय अनुरक्षण का कार्य।
- रु .77 लाख शिवपुर वार्ड के अन्तर्गत विभिन्न स्थल क्रमशः चुप्पेपुर गांव, चुप्पेपुर गिलट बाजार, लक्ष्मणपुर तेलिया पोखरी, प्रज्ञापुरी कालोनी एवं राजाबजार गाफाबीर मंदिर पर दशवों स्थल पर शौचालय, सेप्टिक टैंक, चेंजिंग रूम एवं बोरिंग आदि का निर्माण कार्य।
- रु. 50 लाख नगवां स्थित रविदास घाट पर दिव्यांगजनों के लिए रैम्प का निर्माण कार्य।
- रु. 1200 लाख वाराणसी शहर के विभिन्न 50 स्थलों पर स्मार्ट बस शेल्टर का निर्माण।
- रु. 1000 लाख वाराणसी शहर के विभिन्न स्थलों पर सामुदायिक हॉल के निर्माण कार्य।
- रु. 400 लाख शहर में सौंदर्यीकरण, साइनबोर्ड, ग्रीन स्पॉट, सड़क मरम्मत आदि।
- रु. 150 लाख बाबा बड़े गैबीनाथ मंदिर परिसर (250+ वर्ष पुराना) का विकास कार्य।
- रु. 160 लाख पुलिस लाइन कमिश्नरेट, वाराणसी में एक प्रतीक्षालय एवं मीटिंग हॉल का निर्माण कार्य।
- रु. 59 लाख शहरी क्षेत्र के यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड के इण्टर कालेज, डिग्री कालेज के कैम्पस में एवं पार्कों में रिचार्जिंग पिट यूनिट का निर्माण कार्य।
- रु. 800 लाख वाराणसी शहर एवं प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थलों पर मार्ग प्रकाश व्यवस्था एवं मिनी नलकूप अधिष्ठापन का कार्य।
- रु. 2000 लाख वाराणसी शहर में विभिन्न महत्वपूर्ण मार्गो पर फुटपाथ का निर्माण एवं चौराहे के सौंदर्यीकरण का कार्य।
- रु. 400 लाख वीडीए सीमा के अन्तर्गत जिला प्रशासन की तरफ से विभिन्न कार्य कराये जाने की स्वीकृति का प्रस्ताव। राजकीय गर्ल्स इंटर कालेज मलदहिया के जीर्णोद्धार का कार्य। राजकीय क्वींस इण्टर कालेज के पुस्तकालय में फर्नीचर का कार्य। राजकीय हाईस्कूल/ इंटर कालेज में अवस्थापना सुविधाओं का कार्य। दस प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्रों के भवनों के जीर्णोद्धार/अवस्थापना सुविधाओं का कार्य। विकास खण्ड चिरईगॉव के समीप स्थित ग्रामों के जल जमाव की समस्या के निराकरण के लिए जल निकासी का कार्य।
- रु. 50 लाख रमरेपुर, सारनाथ में पक्का धोबी घाट निर्माण कार्य
- रु. 210 लाख अस्सी घाट से संत रविदास पार्क तक प्लेस मेकिंग का निर्माण कार्य।
- रु.98 लाख नगर पालिका परिषद् पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर के सीमान्तर्गत जीटी रोड पर प्रकाश व्यवस्था के लिए हाईमास्ट, स्मार्ट क्लासेस एवं डिजिटल लाईब्रेरी अधिष्ठापन का कार्य।